# समाचार

## वार्ड क्र. 64 व 66 को मिली 40 लाख रू. के नए विकास कार्यो की सौगात

### (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने किया विकास कार्यो हेतु भूमिपूजन, कार्य प्रारंभ करने के दिए निर्देश)





कोरबा 06 अक्टूबर 2017 –नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 64 एवं 66 में 40 लाख रूपये की लागत वाले तीन नए विकास कार्यो का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर की अध्यक्षता में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती अग्रवाल द्वारा इन सभी विकास कार्यो का विधिवत भूमिपूजन किया गया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बांकीमोंगरा जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 64 में सवा 14 लाख रूपये की लागत से शवदाहगृह एवं कंडोलेंस हाल का निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार वार्ड क्र. 66 अंतर्गत शतचण्डी मंदिर मोहल्ला के पास 16 लाख 53 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. शेड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण के साथ अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे, वहीं वार्ड क्र. 66 इंदिरा नगर से सुतर्रा मेन रोड तक 08 लाख 88 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाली का निर्माण भी कराया जाएगा। शुक्रवार को आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इन सभी कार्यो का विधिवत भूमिपूजन कर कार्य का शुभारंभ कराया, उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शीघ्र कार्य प्रारंभ कर पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य संपादन करते हुए समयसीमा में कार्यो को पूरा करें। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोरबा शहर के साथ–साथ कोरबा पश्चिम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली दर्री व बांकीमोंगरा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु निगम द्वारा तेजी के साथ कार्य किए जा रहे हैं, उन्होने कहा कि मेरी सर्वप्राथमिकता प्रारंभ से रही है कि मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विकास कार्यो पर विशेष फोकस किया जाए, ताकि सड़क, नाली, पानी, बिजली व साफ–सफाई जैसी मौलिक सुविधाओं आमजन को वंचित न रहना पड़े, मुझे खुशी है कि इस दिशा में निगम द्वारा व्यापक पैमाने पर कार्य कराए गए हैं तथा निरंतर इस दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि बांकीमोंगरा व दर्री क्षेत्र की सबसे बड़ी

समस्या पेयजल की समस्या थी, इस समस्या के दीर्घकालीन निराकरण के लिए पेयजल आवर्धन योजना के तहत 237 करोड़ रूपये की लागत से पेयजल व्यवस्था का कार्य किया जा रहा है, डेढ़–दो वर्षो के पश्चात बांकीमोंगरा व दर्री क्षेत्र में पेयजल की कोई भी समस्या नहीं रह जाएगी तथा आगामी 50 वर्षो तक के लिए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी।

**साफ–सफाई पर विशेष नजर** – कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने निगम के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि साफ–सफाई कार्यो पर विशेष ध्यान दें एवं स्वच्छता कार्यो की निरंतर मानीटरिंग अधिकारी करें, यह सुनिश्चित करें कि नियमित रूप साफ–सफाई कार्य हो, सफाई के दौरान निकले हुए कचरे का तुरंत उठाव कर लिया जाए ताकि स्थल पर कचरा न पड़ा रहे।

**पश्चिम क्षेत्र का हो रहा भरपूर विकास**– इस अवसर पर निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मार्गदर्शन में निगम द्वारा कोरबा पश्चिम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दर्री व बांकीमोंगरा जोन के सभी वार्डो में भरपूर विकास कार्य कराए जा रहे हैं तथा लोगों की समस्याएं तेजी से दूर हो रही हैं, मूलभूत सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होने कहा कि कोरबा शहर के साथ–साथ कोरबा पश्चिम क्षेत्र में विकास को तीव्र गति व सही दिशा देने के लिए मैं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के प्रति आभार प्रकट करता हॅू तथा विश्वास रखता हॅू कि विकास की यह गति आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

**मॉ शतचण्डी की पूजा अर्चना की** – इस मौके पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने प्रचीन मंदिर में स्थापित मॉ शतचण्डी की पूजा अर्चना की तथा नगर के सर्वांगीण विकास, अमनचैन व आमनागरिकों की सुख–समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य भुनेश्वरी देवी, पार्षद रूपादेवी मनहर, समाज सेविका मंगल बुधिया, विनोददास महंत, टीकाराम मनहर, संजय विश्वास, प्रदीप अग्रवाल, गीता देवी, बड़का भैया, पूजा देवी, गायत्री देवी, कौशिल्या बाई, राजेश कुमार, संजयदास, जानकी बाई, यशोदा बाई आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।